आवेदनकर्ता–**संजय पाण्डेय**
संपर्क– 518 बी विंग बीजी टावर,
दिल्ली दरवाजा,शाहिबाग रोड,
अहमदाबाद 380004
दिनांक 20 अप्रेल 2015
मोबा 7405138073

प्रतिश्री,
केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी,
पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया मुख्यालय
सुदामिनी, प्लोट नंबर 2,सेक्टर 29,
इफको चौक के निकट गुडगांव 122001 हरियाणा

<u>सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी प्राप्त करने हेतु आवेदन</u>

श्रीमान जी मैं आवेदनकर्ता **संजय पाण्डेय** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आपके विभाग से संबंधित कुछ जानकारियां हासिल करना चहता हूं। आरटीआई की फिस रू 10 पोस्टल ऑर्डर द्वारा अदा कर दी है।

(1) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने गत एक साल में गुजरात से प्रकाशित होने वाले किन किन अखबारों में डिसप्ले विज्ञापन छपवाए है। उन अखबारों की सूचि सहित अखबारों को डिसप्ले विज्ञापन के एवज में किए गए भुगतान की सूचि व विज्ञापन की साइज इत्यादि की जानकारी प्रदान करें। नोट यदि अखबार के अलग अलग एडिशन है तो ऐडिशन के अनुसार जानकारी दें।
(2) किस नियम कानून और दिशा निर्देश के तहत यह डिसप्ले विज्ञापन अखबार में छपवाए जाते है, उस नियम की प्रमाणित नकल दें।
(3) सवाल 1 के अनुसार उन अखबारों के प्रकाशन स्थल की भी जानकारी दें।

(4) क्या विज्ञापन जारी करते वक्त पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अपने स्तर पर अखबारों के सर्कुलेशन की जांच पड़ताल करवाई जाती है या नही।

(5) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के के लिए अखबारों में विज्ञापन जारी करने वाले अधिकारियों के नाम और मोबाइन नंबर प्रदान करे।

(6) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने गत एक साल में गुजरात राज्य से प्रकाशित होने वाले किन किन अखबारों में **टैंडर नोटिस विज्ञापन शेयर विज्ञापन या फिर शेयर से** संबंधित विज्ञापन छपवाए है। उन अखबारों की सूचि प्रदान करें। नोट यदि अखबार के अलग अलग एडिशन है तो ऐडिशन के अनुसार जानकारी दें।

(7) अखबारों में छपवाए जा रहे विज्ञापन का खर्च स्वंय भारत सरकार वहन करती है या फिर कॉरपोरेशन या फिर भारत सरकार और कारपोरेशन दोनों मिलकर विज्ञापन का खर्च वहन करते है।

(8) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने अखबार को इंपैनलमेंट कराने हेतु क्या क्या नियम,सर्कुलर और गाइडलांइस तय किए है। उस नियम की प्रमाणित नकल दें। अर्थात किसी अखबार को पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया का विज्ञापन व टेंडर नोटिस विज्ञापन हासिल करना है तो अखबार मालिकों को किस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। विस्तृत जानकारी दें।

(9) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के लिए काम करने वाली सभीं ऐड एजेंसी और पीआर एजेंसियों के नाम, मोबाइल नंबर और संपर्क पते की जानकारी दे।

(10) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया विभिन्न अखबारों को किस रेट पर विज्ञापन दे रहा है। अर्थात सरकारी डीएवीपी रेट पर या फिर कमर्सियल रेट पर विज्ञापन जारी किया जा रहा है।

(11) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के विज्ञापन पैनल में शामिल सभी अखबारों के नाम और उनके स्वीकृत अनुमोदित विज्ञापन दर की सूचि प्रदान करे। नोट यहां केवल गुजरात से प्रकाशित अखबारों की ही जानकारी दे। अर्थात विज्ञापन छपनाने हेतु सभी अखबारो का क्या रेट तय किया गया है। सभी अखबारों की सूचि प्रदान करें।

(12) पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने गत एक साल में दिल्ली,मुंबई और गुजरात से प्रकाशित होनेवाली किन किन मैग्जीनों में डिस्प्ले विज्ञापन छपवाया है उन मैग्जीनों की सूचि सहित मैग्जीनों को विज्ञापन के एवज में किए गए भुगतान की सूचि प्रदान करे।

22/4/018

संजय पाण्डेय